तापमान

अधिकतम 26.0 डिग्री
न्यूनतम 9.0 डिग्री


# हरिभूमि रत्न भूमि

रायपुर, रविवार 21 दिसंबर 2025



13 गुरु घासीदास जयंती पर देवेंद्र यादव का भव्य स्वागत, राजिम से जिले तक उमड़ा जनसैलाब



14 जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में 79 आवेदनों का मौके पर किया निराकरण









कुणाल एग्रो राजीव लोचन मोटर पंप सर्विस

नलकूप खनन एवं सेलो बोर के लिए संपर्क करें

बोर खुदाई नगदी में पंप 3 महीने का उधारी मिलेगा

फ्लोमार्क सबर रिलायंस रोमैक्स आईडोल यह सभी कंपनी का 100 वोल्टेज से चलता है।



छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त पंजीकृत फॉर्म

कुणाल एग्रो



■ सांई मंदिर के सामने राजिम, 7828297607, 9009541542 ■ दुकली हाई स्कूल के सामने साहू हालर मिल धमतरी जिला


**खबर संक्षेप**

### सुंदरलाल जयंती पर आज चंद्रसुर में कवि सम्मेलन



**नवापारा-भेण्डरी।** पंडित सुंदरलाल शर्मा जयंती के अवसर पर ग्राम चंद्रसुर में 21 दिसंबर को पंडित सुंदरलाल शर्मा स्मृति सेवा संस्थान सरपंच पंच एवं समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से कवि सम्मेलन का आयोजन रखा गया है। कार्यक्रम में विधायक अजय चंद्राकर व कवियों में रामेश्वर वैष्णव, मीर अली मीर, चितरंजन कर, डॉ. रमेश सोनसायटी, संतोष प्रकृति, संजय शर्मा कबीर तथा परिवार के सदस्य रिंकू शर्मा, जय शर्मा, विकास शर्मा, किरण शर्मा, रविशंकर शर्मा, संजय शर्मा मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम के पूर्व गंगा आरती एवं हनुमान चालीसा पाठ 4:00 बजे प्रारंभ होगा।

### बारूला में सजेगा प्रदेश स्तरीय डांस का मंच



**छुईहा बेलर।** ग्राम बारूला में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी प्रदेश स्तरीय डांस प्रतियोगिता का कार्यक्रम 22 दिसंबर को ग्रामवासी युवा समाज बारुला समिति के तत्वावधान में रखा गया है। हिमांशु साहू ने कहा की ग्राम बारूला में ग्रामवासी की तत्वावधान में प्रदेश स्तरीय डीजे डांस प्रतियोगिता कार्यक्रम सोमवार को रखा गया है। प्रतियोगिता सामुहिक, युगल, एकल में अपनी प्रस्तुति होगें। इन सभी के लिए पृथक-पृथक प्रोत्साहन राशि रखा गया है। आयोजकों ने कुल 75 हजार रूपये की पुरुस्कार की व्यवस्था रखा गया है। उक्त कार्यक्रम का मुख्यातिथि राजिम विधायक रोहित साहू, राजा नीलेंद्र बहादुर सिंह (सर्वराकार मंदिर ट्रस्ट फिंगेश्वर) मंजू हरित मंडल अध्यक्ष फिंगेश्वर, सुकदेव साहू सरपंच बारुला होंगे।

# लखपति दीदी योजना से संवर रहीं ग्रामीण महिलाओं की तकदीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ पाण्डुका

लखपति दीदी योजना भारत सरकार की एक पहल है जिसका मुख्य उद्देश्य है ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है। इस योजना के तहत स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं को विभिन्न कौशलों में उत्कृष्ट करने कौशल विकास प्रशिक्षण, तकनीकी सहायता व वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। ताकि महिलाएं प्रशिक्षण व वित्तीय सहायता का उपयोग करके कम से कम एक लाख रुपए या उससे अधिक की वार्षिक आय अर्जित कर सके। जिला गरियाबंद व विकासखण्ड छुरा के अन्तर्गत सुरभी कलस्टर सांकरा के अध्यक्ष हेमलता निषाद सचिव मीना ध्रुव, कोषाध्यक्ष कमलेश्वरी ध्रुव, सरस्वती ग्राम संगठन कुटेना के मार्गदर्शन में ग्राम पंचायत कुटेना की सुहागन स्व सहायता समूह कुटेना की पुष्पा साहू, जय बजरंग स्व सहायता समूह कुटेना की गीता बाई साहू लखपति दीदी योजना के अन्तर्गत वित्तीय सहायता प्राप्त करके ईंट भट्ठे का संचालन कर रही है जिससे उनकी आय में वृद्धि हो रही है तथा परिवार खुशहाल बन रहा है तथा अन्य जरूरतमंद लोगों को भी रोजगार उपलब्ध कराकर उनके घरों में खुशहाली ला रही हैं।

**ईंट भट्ठा संचालन कर पुष्पा और गीता बाई बनीं मिसाल**



#### महिलाओं में स्वालंबन का नया अध्याय

वर्तमान में भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना पी एम आवास योजना का लाभ प्रत्येक जरूरतमंद परिवारों को मिल रहा है जिसके निर्माण के लिए ईंट प्रमुख सामग्री है, जिसका कि निर्माण स्व सहायता समूह की महिलाएं कर रहीं हैं तथा रियायती दर पर हितग्राहियों को उपलब्ध करा रही है। लखपति दीदी योजना महिलाओं में स्वालंबन का नया अध्याय गढ़ रही है।

**हादसा : तेज रफ्तार, मोड़ों पर लापरवाही और ट्रैफिक नियमों की अनदेखी**

# नेशनल हाइवे 130 सी पर 4 घंटे के भीतर दो सड़क दुर्घटना, तीन घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर



गरियाबंद जिले में सड़क दुर्घटनाओं का सिलसिला लगातार जारी है। मुडागांव क्षेत्र अंतर्गत टिपपारा मोड़ के पास राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच 130 सी पर शनिवार को एक सड़क दुर्घटना की घटना सामने आई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार यह हादसा उस समय हुआ जब काशी अयोध्या से विशाखापटनम की ओर जा रही नेक्सॉन कार कदलीमुड़ा चौक पार कर आगे बढ़ रही थी। इसी दौरान कार के आगे चल रहा पीपलखूटा निवासी एक बाइक सवार, अपने किसी परिजन के घर जाने के लिए टिपपारा मोड़ के पास अचानक अपनी बाइक मोड़ने लगा। अचानक मोड़ लेने के कारण पीछे से आ रही नेक्सॉन कार चालक को संभलने का मौका नहीं मिल पाया और कार ने बाइक सवार को पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक सवार सड़क पर दूर जा गिरा और घायल हो गया। घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोगों और प्रत्यक्षदर्शियों की मदद से घायल को देवभोग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां उसका प्राथमिक उपचार किया गया। हादसे के बाद नेक्सॉन कार टिपपारा टर्निंग के पास सड़क के नीचे बने छोटे गड्ढे में जा गिरी। राहत की बात यह रही कि कार चालक पूरी तरह सुरक्षित है और इस दुर्घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई।प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि मोड़ पर अचानक वाहन मोड़ने और तेज रफ्तार के कारण यह दुर्घटना हुई। घटना की सूचना देवभोग थाना को दे दी गई है, पुलिस द्वारा आगे की कार्रवाई की जा रही है।

#### ट्रैफिक नियमों की अनदेखी से बढ़ रहे सड़क हादसे

कुछ घंटे पहले देवभोग मुडागांव क्षेत्र में हुई सड़क दुर्घटना के बाद अब गोहरापदर क्षेत्र से एक और हादसे की खबर सामने आई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार शाम करीब 6.20 बजे गोहरापदर स्थित सियारलेटी पेट्रोल पंप के पास एक ऑटो और बाइक के बीच भिड़ंत हो गई। इस दुर्घटना में फरसरा निवासी बाइक सवार घायल हो गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने 108 को फोन लगा दिया गया है लेकिन जानकारी के अनुसार अभी एंबुलेंस 108 गाड़ी घटना स्थल के पास नहीं पहुंची है। बताया जा रहा है कि दुर्घटना में शामिल ऑटो चालक धारनीधोड़ा निवासी है। हादसे के बाद कुछ देर तक मौके पर अफरा–तफरी का माहौल बना रहा और राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। गौरतलब है कि कुछ घंटे पहले ही देवभोग मुडागांव क्षेत्र के टिपपारा मोड़ के पास भी बाइक और कार की टक्कर में एक बाइक सवार घायल हुआ था। लगातार हो रही इन घटनाओं से क्षेत्रवासियों में चिंता बढ़ गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि तेज रफ्तार, मोड़ों पर लापरवाही और ट्रैफिक नियमों की अनदेखी के कारण ऐसे हादसे बढ़ते जा रहे है।



### गायत्री महायज्ञ और प्रज्ञा पुराण की कथा आज से

**अभनपुर।** गायत्री शक्ति पीठ ब्लॉक कॉलोनी अभनपुर के तत्वाधान मे नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं वार्षिक संस्कार महोत्सव का आयोजन मंगल कलश यात्रा के साथ शुभारंभ किया गया वही 21 दिसम्बर को गायत्री महायज्ञ व प्रज्ञा पुराण की पावन कथा,दीप महायज्ञ तथा 22 दिसम्बर को गायत्री महायज्ञ ,विभिन्न संस्कार,खाटूश्याम संकीर्तन सभी कार्यक्रम शांतिकुंज हरिद्वार से प्रशिक्षित यज्ञाचार्यो द्वारा सभी संस्कार निशुल्क कराये जायेगे। गायत्री शक्तिपीठ अभनपुर के संस्थापक आरएस चौरसिया ने यज्ञ के संबंध मे चर्चा करते कहा कि यज्ञ को देव संस्कृति का पिता तथा गायत्री को माता कहा गया है यज्ञ के द्वारा शक्तिशाली तत्व वायुमंडम मे जाता है उससे हवा मे घूमते अनेक रोग कीटाणु सहज ही नष्ट हो जाते है,शारीरिक व मानसिक रोग से बचने का यज्ञ एक सामूहिक उपाय है,यज्ञ सुख समृद्धि बढ़ा कर जीवन को सफल बनाता है,भारत के स्वर्णिम काल मे नित्य घर घर यज्ञ किये जाने का उल्लेख ग्रंथ मे मिलता है उसकी महिमा जन जन पहुंचाने के लिए प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ व वार्षिक संस्कार महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। उन्होने नगर व क्षेत्रवासियो को महोत्सव मे शामिल होकर पुण्य अर्जित व जीवन को सुखमय बनाने का आह्वान किया।

## कलेक्टर उईके ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मैनपुर का किया औचक निरीक्षण

**मैनपुर।** कलेक्टर बीएस उईके एवं जिला पंचायत के सीईओ प्रखर चंद्राकर ने शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मैनपुर का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल पहुंचकर मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं और जरूरी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कलेक्टर एवं सीईओ ने हॉस्पिटल में उपलब्ध स्वास्थ्य संसाधनों, चिकित्सकों, मेडिकल स्टाफ, मेडिकल स्टोर, चिकित्सीय कक्ष, एक्स-रे कक्ष, टीकाकरण कक्ष, वीडियों कान्फ्रेस कक्ष, इंजेक्शन कक्ष, जनरल वार्ड, प्रसव कक्ष, एनबीएसयु कक्ष, क्षय उन्मुलन कक्ष आदि का भी अवलोकन किया। उन्होंने अस्पताल में आएं मरीजों का हालचाल जाना तथा अस्पताल में मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी ली। इस दौरान कलेक्टर ने, इमरजेंसी वार्ड, ऑपरेशन थियेटर, सहित विभिन्न वार्डों का भी निरीक्षण किया। कलेक्टर श्री उईके ने अस्पताल निरीक्षण के दौरान मरीजों के लिए पर्याप्त बिस्तरों की भी जानकारी ली। उन्होंने अस्पताल परिसर में उपलब्ध जगहों का भी अवलोकन किया।

■ परिसर व अस्पताल के साफ सफाई एवं बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने के भी दिए निर्देश




#### प्रत्येक मरीजों का बेहतर उपचार करें

कलेक्टर ने दवाई स्टोर रूम में दवाई और उसकी एक्सपायरी डेट का अवलोकन करते हुए सभी चीजों को व्यवस्थित रखने के निर्देश दिए। उन्होंने उपस्थित स्टाफ से ड्यूटी चार्ट की जानकारी ली। उन्होंने परिसर व अस्पताल में साफ सफाई व्यवस्था बनाए रखने तथा अस्पताल में आने वाले मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने के निर्देश मौके पर मौजूद चिकित्सकों को दिए। कलेक्टर ने ⏭ शेष पेज 12 पर

## 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को आज दी जाएगी पल्स पोलिया की खुराक



**नवापारा-राजिम।** राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान आज 21 दिसम्बर को पूरे जिले में चलाया जा रहा है। सभी ग्रामों/वार्डो में पोलियो बुथ बनाकर बच्चों को पोलियो रोधी दवा पिलाई जाएगी। कुल 1383 बुथ बनाया गया है। प्रत्येक बुथ में 4 टीकाकर्मी दो टीम में बट कर तैनात रहेंगे। किसी कारण वश कोई बच्चा बुथ में पोलियो दवा पीने से छूट जाते है तो ऐसे बच्चों को घर-घर भ्रमण कर 22 एवं 23 दिसम्बर को पिलाई जाएगी। रायपुर जिले में 345705 बच्चों को पोलियो रोधी दवा पिलाये जाने का लक्ष्य रखा गया है। जिला स्वास्थ्य समिति द्वारा अपील की गई है कि वे अपने 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को बुथ में लेजाकर पोलियों रोधी दवा पिलाकर बच्चों को पोलियो वायरस से प्रतिरक्षित करें।

## मांगों पर सुनवाई न होने से नाराज ग्रामीण 23 को एनएच-130 सी पर करेंगे चक्काजाम



**मैनपुर।** मैनपुर विकासखंड क्षेत्र के दूरस्थ वनांचल मे बसा साहेबिनकछार क्षेत्र के लगभग एक दर्जन पारा टोला के ग्रामीणों ने मूलभूत समस्या सड़क, बिजली, पेयजल, स्कूल भवन, शिक्षक, मोबाईल टावर, उपस्वास्थ्य केन्द्र जैसे मांगो को लेकर चक्काजाम की चेतावनी दिये थे साथ ही 15 दिनों के भीतर समस्या समाधान करने की मांग किया था लेकिन उनकी मांग पूरा नहीं होने पर ग्रामीणों ने आगामी 23 दिसंबर दिन मंगलवार को उग्र आंदोलन करते हुए नेशनल हाईवे मैनपुर देवभोग 130 सी मार्ग में बम्हनीझोला के पास चक्काजाम करने का निर्णय लिया है आज ग्राम बम्हनीझोला मे ग्रामीणों की बैठक आयोजित किया गया बैठक मे आसपास के ग्रामो के सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण शामिल हुए और सभी लोगों ने 23 दिसंबर को चक्काजाम करने का निर्णय लिया है साथ ही इस संबंध में एक ज्ञापन जिला एवं ब्लॉक स्तर के अधिकारियों को प्रेषित किया गया है। आदिवासी नेता एवं पूर्व सरपंच रूपसिंह ⏭ शेष पेज 12 पर

**जिले में वॉलीबॉल महाकुंभ का शंखनाद, महौल रहा खेलमय**

# वॉलीबॉल में गरियाबंद खेलो इंडिया ने पुलिस टीम को दी शिकस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद



खेल प्रेमियों के लिए शनिवार का दिन यादगार बन गया, जब कान्हा क्लब के तत्वावधान में स्वर्गीय होरी लाल यादव स्मृति दो दिवसीय वॉलीबॉल महाकुंभ का भव्य शुभारंभ शनिवार 20 दिसंबर 2025 को सुबह 11 बजे कान्हा क्लब मैदान में हुआ। आयोजन के पहले ही दिन मैदान रोमांच, जोश और तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। खिलाड़ियों के दमखम और दर्शकों के उत्साह ने माहौल को खेलमय बना दिया। इस प्रतिष्ठित खेल आयोजन में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं खेल जगत से जुड़े गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही। प्रमुख रूप से जिला पंचायत उपाध्यक्ष लालिमा ठाकुर, वरिष्ठ नागरिक शाबिर भाई, नरेंद्र देवांगन, जीडी उपासने, नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष गफू मेमन, नगर पालिका उपाध्यक्ष आसिफ मेमन, भाजपा जिला कोषाध्यक्ष अज्जू रोहरा, एडीएसएनएल एसपी जितेंद्र चंद्रकार, एसडीओपी निशा सिन्हा, डॉ. उस्मान खान, जिला वॉलीबॉल सचिव हरमेश चावड़ा, वर्षा, आशीष तिवारी, पार्षद छगन यादव, सूरज सिन्हा, निरंजन प्रधान सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित रहे। प्रतियोगिता का उद्घाटन मुकाबला गरियाबंद खेलो इंडिया और पुलिस टीम के ⏭ शेष पेज 12 पर

#### खेल अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व का सशक्त माध्यम हैं

आयोजन नॉकआउट प्रणाली पर आयोजित किया जा रहा है। आगामी मुकाबलों में साईं रायपुर, मध्यप्रदेश से आई टीम, कोरबा, कवर्धा एवं धमतरी की टीमों के बीच रोमांचक मुकाबले खेले जाएंगे। प्रतियोगिता का भव्य फाइनल मुकाबला रविवार शाम 7 बजे खेला जाएगा, जिसे लेकर खेल प्रेमियों में खासा उत्साह है। जिला पंचायत उपाध्यक्ष लालिमा ठाकुर ने कहा कि स्वर्गीय होरी लाल यादव ने युवाओं को खेलों से जोड़ने का जो सपना देखा था, यह आयोजन उसी का सजीव रूप है। ऐसे आयोजन युवाओं की प्रतिभा को निखारने के साथ समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं। एडीएसएनएल एसपी जितेंद्र चंद्रकार ने कहा कि खेल अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व का सशक्त माध्यम हैं। पुलिस और आम युवाओं का एक साथ मैदान में उतरना सामाजिक सौहार्द और विश्वास को मजबूत करता है। एसडीओपी निशा सिन्हा ने कहा कि युवाओं को नशे और नकारात्मकता से दूर रखने में खेलों की भूमिका अहम है। यह वॉलीबॉल महाकुंभ निश्चित रूप से नई प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का मंच देगा।

**जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा**

**सूचना**

हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

**खबर संक्षेप**

## क्लीन चिट का झूठ फैलाकर जनता को गुमराह कर रही कांग्रेस : भाजपा



**गरियाबंद।** नेशनल हेराल्ड मामले को लेकर गुरुवार को कांग्रेस ने प्रदर्शन करते हुए भाजपा कार्यालय का घेराव करने की कोशिश की। इस पर भाजपा ने तुरंत पलटवार करते हुए कांग्रेस पर तथ्यों को तोड़-मरोड़ कर पेश करने और जनता को गुमराह करने का आरोप लगाया। भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर ने कहा कि कांग्रेस देश में भ्रम फैला रही है कि नेशनल हेराल्ड मामले में उसे क्लीन चिट मिल गई है, जबकि सच्चाई कुछ और है। उन्होंने कहा कि ट्रायल कोर्ट ने केवल कुछ तकनीकी आधार पर मामले को संज्ञान में नहीं लिया है, लेकिन इसका यह मतलब नहीं है कि कांग्रेस या उसके नेताओं को क्लीन चिट मिल गई है। चंद्राकर ने कहा कि नेशनल हेराल्ड से जुड़े धोखाधड़ी के मामले में सोनिया गांधी और राहुल गांधी अब भी आरोपित हैं। ट्रायल कोर्ट ने इस मामले को निरस्त नहीं किया है। आदेश में यह भी साफ कहा गया है कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) आगे की जांच जारी रख सकता है। ईडी चाहे तो इस फैसले को उच्च न्यायालय में चुनौती भी दे सकती है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस जानबूझकर सच्चाई छुपा रही है और यह प्रचार कर रही है कि क्लीन चिट मिल गई। सच्चाई यह है कि मामला अब भी विचाराधीन है और इसका ट्रायल जारी है। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस जनता को भ्रमित करने के बजाय पूरे तथ्यों के साथ सच्चाई सामने रखे।

**जयंती :** कोपरा, पाण्डुका, मालगांव सहित जिले भर में आतिशबाजी, ढोल-नगाड़े और नारों के साथ हुआ जोशीला अभिनंदन

# गुरु घासीदास जयंती पर देवेंद्र यादव का भव्य स्वागत, राजिम से जिले तक उमड़ा जनसैलाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

संत शिरोमणि गुरु घासीदास जयंती समारोह में शामिल होने पहुंचे भिलाई विधायक एवं अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सेक्रेट्री व गुजरात प्रभारी देवेंद्र यादव का गरियाबंद जिले में जगह-जगह भव्य और जोशीला स्वागत किया गया। राजिम विधानसभा क्षेत्र के कोपरा, पाण्डुका, मालगांव होते हुए गरियाबंद पहुंचने तक पूरे मार्ग पर उत्सव जैसा माहौल बना रहा। जैसे ही देवेंद्र यादव जिले की सीमा में प्रवेश किए, वैसे ही कांग्रेस एवं युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी, ढोल-नगाड़े, बैंड-बाजे और गगनभेदी नारों के साथ उनका अभिनंदन किया। हर चौक-चौराहे पर फूल-मालाओं से स्वागत किया गया। युवाओं में अपने लोकप्रिय नेता की एक झलक पाने का खासा उत्साह देखने को मिला। गरियाबंद के रायपुर रोड मुख्य मार्ग पर पूर्व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आबिद ढेबर के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने देवेंद्र यादव का भव्य स्वागत किया। इस दौरान समर्थकों द्वारा लगातार नारे लगाए जाते रहे। बाद में देवेंद्र यादव आबिद ढेबर के कार्यालय भी पहुंचे, जहां उन्होंने कार्यकर्ताओं से आत्मीय मुलाकात कर संगठनात्मक चर्चा की। इस अवसर पर आबिद ढेबर ने कहा कि देवेंद्र यादव आज युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत बन चुके हैं। गरियाबंद में मिला यह ऐतिहासिक स्वागत जनता के विश्वास और स्नेह का प्रतीक है। गुरु घासीदास के विचारों को आगे बढ़ाने का कार्य कांग्रेस लगातार कर रही है। तिरंगा चौक पर सतनामी समाज द्वारा देवेंद्र यादव का पारंपरिक एवं गरिमामय सम्मान किया गया। समाज के लोगों ने उन्हें गुरु घासीदास के संदेशों को आगे बढ़ाने वाला जनप्रतिनिधि बताया।

### बाबा का संदेश समानता, सत्य और सामाजिक न्याय पर आधारित

भूतेश्वरनाथ चौक पर पार्षद संदीप सरकार ने सैकड़ों कार्यकर्ताओं की मौजूदगी में मंच पर गजमाला पहनाकर देवेंद्र यादव का सम्मान किया। ढोल-नगाड़ों की गूंज और कार्यकर्ताओं के उत्साह से पूरा क्षेत्र उत्सव स्थल में तब्दील हो गया। पार्षद संदीप सरकार ने कहा कि देवेंद्र यादव केवल विधायक नहीं, बल्कि प्रदेश के युवा आइकॉन हैं। उनकी सोच, संघर्ष और जनता से सीधा जुड़ाव ही उनकी पहचान है। कार्यक्रम के दौरान देवेंद्र यादव ने उपस्थित जनसमूह का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि गुरु घासीदास का संदेश समानता, सत्य और सामाजिक न्याय पर आधारित है। उनके विचार आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं। उन्होंने युवाओं से गुरु घासीदास द्वारा बताए गए मार्ग पर चलकर सामाजिक एकता और भाईचारे को और मजबूत करने का आह्वान किया।





## सत्य, प्रेम और मानवता के कल्याण का नाम गुरु घासीदास : महाड़िक



**छुईहा बेलर।** जिला पंचायत युवा सदस्य इंद्रजीत महाड़िक ने 18 दिसम्बर को गुरु घासीदास जयंती पर अपने निर्वाचन क्षेत्र में धुवांधार दौरा किया। उन्होंने कुण्डेल, चरोदा सहित इत्यादि आठ ग्राम का दौरा किया। इस अवसर पर महाडिक ने जैतखाम में सत्य अहिंसा का प्रतीक सफेद पालो चढ़ाई और बाबा की चित्र का पुजा अर्चना आरती कीया। महाड़िक एक उच्च शिक्षण राजनीति और प्रखर वक्ता हैं, उन्हें सुनने भारी संख्या में लोग पहूंचे थे। कुण्डेल, चरौदा,अनेक गांव की सभा को सम्बोधित किया कहा दलित समाज, निरक्षर, कुपोषित और अछूतों के उत्थान के लिए संत गुरु घासीदास बाबा के सानिध्य में तेजी से सुधार हुए, इन सुधारों का उद्देश्य स्वतंत्रता, समानता, व्यक्तिगत गरिमा और न्याय पर आधारित भाईचारे या बंधुत्व जैसे उच्च सिद्धांतों को पारस्परिक सहयोग के माध्यम से प्राप्त करना था। सामाजिक दृष्टि को व्यापक बनाने के साथ-साथ, इसने गरीब जनता की वीरता और साहस को महत्व को बढ़ावा देना था। कहा की गुरु घासीदास नैतिकता, सत्य, प्रेम और मानवता के कल्याण, विशेष रूप से दलित समाज के कल्याण के लिए भेदभावपूर्ण यथास्थिति के विरुद्ध विद्रोह की संघर्ष कहानी है। गुरु घासीदास ने समानता और अहिंसा की विचारधारा के माध्यम से लोगों को एकजुट करने का प्रयास किया। इस अवसर पर क्षेत्र भर के सतनामी समाज के वरिष्ठ नागरिक, जनप्रतिनिधि, समाजिक पदाधिकारी उपस्थित थे।

## बकली में बाबा गुरु घासीदास जयंती धूमधाम से मनाई गई



**राजिम।** बाबा गुरु घासीदास जयंती के पावन अवसर पर 18 दिसंबर को बकली में भव्य कार्यक्रम आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक अमितेश शुक्ल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने बाबा गुरु घासीदास जी की प्रतिमा में माथा टेककर आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर श्री शुक्ल ने कहा कि बाबा गुरु घासीदास जी केवल एक संत नहीं बल्कि विश्व के सबसे बड़े समाज सुधारक थे। उन्होंने मनखे मनखे एक समान का संदेश देकर समाज में व्याप्त भेदभाव, उंच नीच और कुरीतियों को जड़ से मिटाने का काम किया। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य नंदनी-कोमल ढीढी, जनपद पंचायत सदस्य पूजा-मुकेश भारती, बकली के सरपंच बिंदु-हीराधर साहू, उपसरपंच सुरेखा-खेमचंद मिरी, पूर्व सरपंच करेलिया-मुन्ना कुर्रे, सतनामी समाज के अध्यक्ष देवानंद मन्नाडे, सचिव टिकेश आडिल, महेंद्र मिरी, विष्णु मन्नाडे, रामपाल मिरी, जीतराम मिरी, ईश्वर टंडन, शोभित बंजारे सहित बड़ी संख्या में सतनामी समाज के लोग मौजूद थे।

## सिर्रीखुर्द में गुरु घासीदास जयंती पर न्योता भोज का आयोजन




**छुईहा बेलर।** बाबा गुरु घासीदास जी की जयंती के पावन अवसर पर प्राथमिक शाला सिर्रीखुर्द में राज्यपाल पुरूष्कृत शिक्षक खोमन सिन्हा की प्रेरणा से स्थानीय निवासी रामदास बघेल द्वारा शासन की योजना निहित न्योता भोज का आयोजन शुक्रवार को किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं, शिक्षकगण तथा ग्राम के गणमान्य नागरिकों कीसहभागिता रही। आयोजन के दौरान प्रभारी प्रधान पाठक एवं राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक श्री खोमन सिन्हा ने बाबा गुरु घासीदास जी के जीवन, दर्शन एवं उनके मानवतावादी संदेश "मनखे-मनखे एक समान" पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बच्चों को समानता, सद्भाव और नैतिक मूल्यों को जीवन में आत्मसात करने की प्रेरणा दी। उपस्थित पालक एंव प्रबंधन ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए सामाजिक समरसता और सेवा भाव के महत्व पर बल दिया। न्योता भोज के माध्यम से विद्यार्थियों में आपसी सहयोग, सेवा और भाईचारे की भावना को सशक्त करने का संदेश दिया गया। विद्यालय परिवार ने इस पुनीत आयोजन के लिए समाजसेवी श्री रामदास बघेल के प्रति आभार व्यक्त किया तथा भविष्य में भी इस प्रकार के सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन की प्रतिबद्धता जताई। कार्यक्रम में प्रभारी प्रधान पाठक खोमन सिन्हा, सेवानिवृत्त प्रधान पाठक जगन्नाथ ध्रुव, ममता मतावले, रामदास बघेल, प्रेमबाई बघेल, खिलेश्वरी बघेल, तोमेश्वरी बघेल, हेमंत महेश्वरी, पुष्पेंद्र बघेल, दयालु राम साहू, लीलाराम मतावले, द्रोपती साहू, सीता साहू, तारिणी वर्मा, गुणेंद्र सिन्हा, जयप्रकाश सोनवानी सहित विद्यालय परिवार, अभिभावक एवं ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# जोहार कला महोत्सव में सरहुल और गेड़ी नृत्य ने मोहा मन



**मुड़ागांव(कोरासी)।** गरियाबंद जिले के आदिवासी अंचल के आदिवासी कलाकारों ने कांकेर जिले के ग्राम भीरावाही में जोहार आदिवासी कला मंच छत्तीसगढ़ द्वारा आयोजित जोहार कला वार्षिक महोत्सव 2025 का आयोजन 14 दिसंबर 2025 को कांकेर में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस महोत्सव में विशेष रूप से इंदिरा कला विश्वविद्यालय खैरागढ़ से सरहुल नृत्य में रूपेन्द्र नेताम एवं साथी और गेड़ी नृत्य में प्रहलाद ध्रुव एवं साथियों के साथ ही मानसिंग ध्रुव (मूर्तिकार) ,मूर्तिकला चित्रकला, रंगोली के लगभग 60 से अधिक आदिवासी छात्र छात्राओं और पूरे छत्तीसगढ़ भर के 300 से अधिक कलाकारों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कला प्रदर्शनी और प्रस्तुति इस महोत्सव में कला प्रदर्शनी प्रभारी भानुप्रताप कुंजाम (माइक्रोआर्टिस्टएवं लेखक) के मार्गदर्शन में,80 आदिवासी कलाकारों ने मूर्ति कला, चित्रकला, पाक कला, बोंजाई कला, धान कला, लीफ आर्ट, जूट कला और रंगोली कला जैसे विभिन्न कलाओं का प्रदर्शन किया। इसके अलावाए गेंडी, मांदरी, कोलांग जैसे नृत्य प्रस्तुति के साथ गायन वादन और काव्यपाठ में 200 से अधिक आदिवासी कलाकारों ने अपनी प्रतिभा दिखाई। इस अवसर पर शिक्षा और समाज के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले समाजसेवी विद्वान और कलाकारों का सम्मान किया गया। जोहार आदिवासी कला मंच छत्तीसगढ़ आदिवासी कलाकारों को अपनी कला को समाज के बीच लाने का एक अच्छा प्लेटफार्म प्रदान करता है और कला के माध्यम से लोगों में सामाजिक चेतना और हक अधिकारों के प्रति जागरुकतापैदा करता है। जोहार आदिवासी कला मंच छत्तीसगढ़ के संरक्षक ईश्वर मंडावी अध्यक्ष हैं। पूरणमल ध्रुव, उपाध्यक्ष अनिल सलाम, महासचिव तरकेश मरकाम, सचिव जीतेंद्र नेताम, सहसचिव शंकर छेदईहा, मीडिया प्रभारी लव मांझी, कोषाध्यक्ष कमलेश मांझी, प्रवक्ता जैनेन्द्र कुमार शांडिल्य, कांकेर जिला अध्यक्ष मनीष शोरी, जिला सचिव सुनील मंडल, संगठन मंत्री सुभाष शोरी महेंद्र शोरी पाली उसेडी।

## अवैध कटाई व वन्यप्राणी शिकार के मामलों में पांच गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा (ग्रामीण)

वन परिक्षेत्र पिथौरा अंतर्गत कक्ष क्रमांक 206 सोहागपुर में वृक्षों की अवैध कटाई, वन अधिकार मान्यता अधिनियम अंतर्गत प्राप्त पट्टाशुदा भूमि पर नया अतिक्रमण, जंगल के भीतर डबरी में मछली पकड़ने के लिए जाल डालने तथा विद्युत तार प्रवाहित करने के आरोप में रामाधीन पिता ठेल सिंह (जाति गोड़), ढोमसिंह पिता बलीराम एवं संतोष पिता बलीराम को गिरफ्तार किया गया है। तीनों आरोपियों के विरुद्ध वन्यप्राणी (संरक्षण) अधिनियम 1972 की धारा 51 सहपठित धारा 9 एवं 2(16)(ए)(बी), भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 33 तथा लोक संपत्ति क्षति निवारण अधिनियम 1984 के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। इसी प्रकार सांकरा सर्किल के बड़े टेमरी (कक्ष क्रमांक 258) में सियार का फंदा लगाकर शिकार कर ले जाते हुए फागूलाल पिता बृजलाल (शिकारी) एवं कुमार पिता मंगलू पारधी को पकड़ा गया।

## मूर्तिकार मानसिंग ध्रुव को मिला प्रतिभा सम्मान



**मुड़ागांव(कोरासी)।** जोहार आदिवासी कला मंच द्वारा 14 दिसंबर को कला उत्सव का आयोजन किया, जिसमें मूर्तिकार मानसिंग ध्रुव ने अपना मूर्तिकला प्रदर्शनी भी लगाया और काव्यपाठ भी किया। मानसिंग छोटे से गांव-टोनहीडबरी के रहने वाले हैं। अभी वह इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ में (बैचलर ऑफ फाइनआर्ट) मूर्तिकला विभाग में चतुर्थ वर्ष में अध्ययनरत हैं। इस कार्यक्रम में मूर्ति कला, चित्र कला, लीफ आर्ट, पाक कला, बोनसाई कला, धान कला, जूट कला, रंगोली कला, कलगीं आर्ट और गेंडी मादरी, कोलांग, धनकुल गीत, हल्बी गोंडी, छत्तीसगढ़ी, हिन्दी में गायन वादक, काव्य पाठ मिलाकर 200 से अधिक आदिवासी कलाकारों का सम्मान हुआ। आदिवासी कला छत्तीसगढ़ कलाकारों को आगे बढ़ाने के लिए एक मंच दिया गया।

# कलेक्टर उईके से मिले मैनपुर के किसान, धान खरीदी की लिमिट बढ़ाने और मक्का खरीदी शुरू करने की मांग



**मैनपुर।** मैनपुर पहुंचे गरियाबंद जिला के कलेक्टर बीएस उईके को शनिवार को किसान संघर्ष समिति द्वारा मांगपत्र सौंपकर धान खरीदी केन्द्र गौरघाट एवं जिड़ार में धान खरीदी की लिमिट बढाने की मांग किया। किसानों ने बताया कि यहां सिर्फ 500 क्विंटल धान खरीदा जा रहा है जिसके कारण एक दिन में मात्र 5-6 किसान ही धान बेच पा रहे है और ऐसी स्थिति रही तो निश्चित रूप से समय सीमा के भीतर किसान धान नहीं बेच पाएंगे। साथ ही किसानों ने बताया की मैनपुर क्षेत्र में 11 हजार हेक्टेयर में किसानों के द्वारा मक्का की फसल लिया गया है। खून पसीना एककर जब मक्का की फसल तैयार हो गई है तो इस वर्ष अभी तक शासन प्रशासन द्वारा मक्के की फसल को समर्थन मूल्य मे खरीदी करने कोई प्रयास नहीं किया जा रहा है जिसके कारण किसान औने -पौने दामों पर 14 से 15 रूपये किलो में व्यापारियों के पास मक्का बेचने मजबूर हो रहे हैं। किसान संघर्ष समिति ने मांग किया है कि तत्काल धान खरीदी केन्द्र में लिमिट बढाई जाए और मक्का खरीदी प्रारंभ किया जाए अन्यथा मजबूरन किसान आंदोलन करने बाध्य होंगें। इस दौरान किसान संघर्ष समिति के अध्यक्ष टिकम सिंह कपिल, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव, महामंत्री गेन्दू यादव, जनपद सदस्य सुकचंद ध्रुव, बलिराम ठाकुर, नेहाल सिंह नेताम, शाहिद मेमन, जाकिर रजा, पूरन मेश्राम, खेलन दिवान, लिकेश यादव, यमराज ओंटी एवं बड़ी संख्या मे किसान उपस्थित थे।

**दर्रीपार में श्रीमद्भागवत कथा की धूम, त्रिभुवन महाराज ने दिया आत्मज्ञान का संदेश**

# आत्मबोध ही जीवन का सच्चा सौभाग्य : पं. त्रिभुवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर





क्षेत्र के ग्राम दर्री पार में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ 14 दिसंबर से हुआ, जो 22 दिसंबर तक निरंतर चल रही है। इस धार्मिक आयोजन में कथा व्यास पीठ पर ब्रह्मलीन संत कवि पवन दीवान जी के शिष्य, प्रसिद्ध भगवताचार्य पं. त्रिभुवन महाराज मिश्रा (बारूला वाले) विराजमान हैं। उनके ओजस्वी, भावपूर्ण एवं विचारोत्तेजक प्रवचनों को सुनने के लिए आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रतिदिन पहुंच रहे हैं।कथा का आयोजन दो पालियों में किया जा रहा है। प्रथम पाली प्रातः 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक तथा द्वितीय पाली दोपहर 3 बजे से सायं 5 बजे तक संपन्न हो रही है। कथा स्थल पर श्रद्धा, भक्ति और अनुशासन का वातावरण देखने को मिल रहा है। शनिवार को कथा प्रसंग के दौरान भगवताचार्य पं. त्रिभुवन मिश्रा ने आत्मज्ञान विषयक एक महत्वपूर्ण प्रसंग पर प्रकाश डालते हुए मानव जीवन के उत्थान का मार्ग बताया। उन्होंने कहा कि जिस व्यक्ति को आत्मा का बोध हो जाता है, उसे जीवन में आगे बढ़ने और लक्ष्य प्राप्त करने से कोई नहीं रोक सकता। आत्मा एक दिव्य ज्योति है, जो बिना किसी बाह्य संकेत के स्वयं अपने सत्य को जानती है और जिसे भ्रमित नहीं किया जा सकता।

### सदैव कल्याण के पथ पर रहे अग्रसर

उन्होंने कहा कि मनुष्य जीवन का सच्चा सौभाग्य आत्मबोध की प्राप्ति है। शांति और वैभव की खोज में बाह्य भटकाव के स्थान पर यदि मनुष्य आंतरिक अनुसंधान पर ध्यान केंद्रित करें, तो जीवन की सबसे बड़ी संपदा प्राप्त हो सकती है। आत्मा के बोध से अज्ञान, नकारात्मक वृत्तियां और मानसिक अंधकार स्वतः ही समाप्त हो जाते हैं तथा मानव चिंतन महानता की ओर अग्रसर होता है। कथावाचक ने श्रद्धालुओं से आह्वान किया कि वे अपनी आत्मा से प्रार्थना करें कि वह सदैव कल्याण के पथ पर, निर्भीकता एवं दिव्यता के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देती रहे, जिससे यह अमूल्य मानव जीवन व्यर्थ न जाए और मानवीय उत्कृष्टताओं से परिपूर्ण बना रहे। उल्लेखनीय है कि ग्राम दर्री पार में चल रही श्रीमद्भागवत कथा का समापन 22 दिसम्बर को विधिवत रूप से किया जाएगा।

# मैनपुरकला में किसान दिवस पर आधुनिक खेती का सिखाया गुर



**मैनपुर।** किसान दिवस के अवसर पर समग्र ग्रामीण विकास कार्यक्रम परियोजना के अंतर्गत एएफपीआरओ संस्था द्वारा मैनपुर विकासखंड के मैनपुरकला ग्राम में किसानों के लिए विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर किसानों को आधुनिक एवं टिकाऊ कृषि पद्धतियों की जानकारी दी गई तथा उनके योगदान को सम्मानपूर्वक स्मरण किया गया। कार्यक्रम में कृषि, प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन, जल संरक्षण, मृदा स्वास्थ्य, जैविक खेती, पोषण वाटिका एवं आजीविका संवर्धन से संबंधित विषयों पर चर्चा की गई। विशेषज्ञों द्वारा किसानों को कम लागत में अधिक उत्पादन, जल संरक्षण तकनीक तथा जलवायु अनुकूल खेती अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों जिसमे ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी अभिषेक साहू, रितेश साहू, सरपंच गजेन्द्र नेगी, उपसरपंच सुधीर राजपूत, पंच गोवर्धन ध्रुव, हरिराम नेगी, टिकेश्वर नेगी ने कहा कि किसान देश की रीढ़ हैं और उनके सशक्तिकरण से ही ग्रामीण विकास संभव है। एचडीएफसी और एएफपीआरओ संस्था के माध्यम से किसानों की आय वृद्धि, संसाधन संरक्षण और सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा दिया जा रहा है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसान हरलाल नागेश, हेमलाल नागेश, कुंदन नेगी, अशोक ध्रुव, मंशा राम मांझी, भुनेश्वर ध्रुव अमरचंद निषाद, धनेश्वरी नागेश, मिथला नागेश, टीकेश्वरी नागेश, जमुना नेगी, परियोजना स्टाफ से प्रोजेक्ट मैनेजर अविनाश सोनी, कृषि विशेषज्ञ विकास साहू, सिविल इंजिनीयर त्रिनाथ दास, सामाजिक कार्यकर्ता कृपाल दास और किरण चक्रधर और सीआरपी टीम उपस्थित रहे। अंत में किसानों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया।

## खबर संक्षेप

### प्राचार्य रामनारायण का स्टाफ ने किया सम्मान



**राजिम।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धूमा में बिजली स्कूल के प्राचार्य रामनारायण मिश्रा का सम्मान धूमा के प्राचार्य वर्षा नेताम व उनके स्टाफ द्वारा बुके भेंटकर किया गया।

### अमलोर में श्रीराम कथा 28 से

**मुड़ागांव(कोरासी)।** मुड़ागांव के समीप खोपली पाठ पावन धाम अमलोर 16 गांव समिति के द्वारा हर वर्ष कि भांति इस वर्ष भी श्रीरामचरित मानस महायज्ञ का भव्य आयोजन 28 दिसंबर से 1 जनवरी 2026 तका पांच दिवसीय आयोजन किया गया है। कार्यक्रम का शुभारंभ 28 दिसंबर दोपहर कलश शोभायात्रा निकालकर किया जाएगा। दूसरे दिन सुबह 8 बजे से 12 बजे तक यज्ञ हवन पूजन कर दोपहर 1 बजे से 5 बजे तक प्रवचन होगा जिसमें ब्रम्हलीन श्री श्री 108 संत श्री सियाभुनेश्वरी शरण व्यास जी महाराज के सूक्ष्म सानिध्य में कृपा पात्र शिष्य महामण्डलेश्वर संत श्री सिया गोवर्धन शरण व्यास जी महाराज द्वारा किया जाएगा। वहीं 29 दिसंबर दिन सोमवार को संगम रामधुनी धमतरी और 30 दिसंबर मंगलवार को बालिका पण्डवानी परिवार धमतरी 31 दिसम्बर को गुरुदेव पण्डवानी मड़ेली की प्रस्तुति होगी। कार्यक्रम में परायणकर्ता पं. बलराम प्रसाद एवं कथावाचक संत रामसेवक शरण, मिथिला शरण, रामानंद शरण, रामहर्षण शरण एवं किर्तनकार चन्द्रहास भेण्ड्री द्वारा किया जाना है जिसकी तैयारी में अमलोर, जामली, पाटसिवनी, मुड़ागांव, नवापारा, भैरा, परसदाखुर्द, पिपरहट्ठा, देवगांव, बोड़राबांधा, खुड़ियाडीह, नागिन, कुड़ेमा, बिरनीबाहरा, बिजेपाल, झबलीबाहरा के ग्रामीण लगे हुए है।

### टूरीडीह में बाबा गुरु घासीदास जयंती कल

**झलप।** ग्राम टूरीडीह में सतनाम धर्म के प्रवर्तक बाबा गुरु घासीदास की 269वी जयंती 22 दिसंबर सोमवार को बड़े ही धूमधाम से मनाई जाएगी। कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए ग्राम प्रमुख फगुवा राम चौलिक ने बताया कि बाबा गुरु घासीदास के 7 उपदेश एवं 42 वाणियों को प्रचारित करते हुए अखाड़ा दल भोरिंग एवं पंथी पार्टी बरेकेल कला की अगुवाई में शोभायात्रा निकाली जाएगी। ग्राम प्रमुख फगुवा राम चौलिक ने उक्त कार्यक्रम में क्षेत्र वासियों को अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की गई है।

**शिविर: कलेक्टर ने दी 800 करोड़ रुपए की बिजली परियोजना की सौगात**

# जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में 79 आवेदनों का मौके पर किया निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मैनपुर



तहसील मुख्यालय मैनपुर में सुशासन सप्ताह अंतर्गत प्रशासन गांव की ओर के तहत जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित किया गया। जिसका उद्देश्य शासन की विभिन्न योजनओं का लाभ जिले के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाना है। इस शिविर में प्राप्त 183 आवेदन में से 79 आवेदनों का निराकरण मौंके पर ही किया गया। शिकायत से संबंधित 04 आवेदन प्राप्त हुए। 104 लंबित आवेदनों के निराकरण के लिए समय–सीमा दिया गया है।

■ विधायक ने बजट के अभाव पर जताई नाराजगी

शिविर में लोक निर्माण विभाग को 01, कृषि को 03, खाद्य विभाग को 20, राजस्व को 46, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी को 01, पंचायत एवं ग्रामीण विकास को 69, महिला बाल विकास विभाग को 02, शिक्षा विभाग 07, स्वास्थ्य 02, विद्युत विभाग को 04, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना को 02, समाज कल्याण विभाग को 05 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से अधिकांश आवेदनों का निराकरण मौंके पर ही किया गया। इसके अलावा अनिरा—त आवेदनों के लिए समयावधि तय की गई। गरियाबंद कलेक्टर बीएस उइके ने शिविर को संबोधित करते हुए कहा कि सुशासन सप्ताह अंतर्गत प्रशासन गाँव की ओर के तहत जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर मैनपुर में आयोजित किया गया है। शासन की मंशा है कि पात्र हितग्राहियों को योजना का लाभ मिले। इसके लिए लोगों को जागरूक होने की भी आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि मैनपुर विकासखण्ड अंतर्गत अन्य जगहों पर संलग्नी—त शिक्षकों की समीक्षा कर उन्हें मूल स्थलों के लिए पदस्थ किया जाएगा। कलेक्टर श्री उइके ने बताया कि मैनपुर विकासखण्ड के अंतर्गत 53 विद्युत विहीन गाँवों में बिजली पहुँचाने के लिए 800 करोड़ रूपये का प्रस्ताव भेजा गया है।

### स्टॉलों का किया निरीक्षण

इस दौरान शिविर में उपस्थित अतिथियों ने समाज कल्याण विभाग द्वारा 03 दिव्यांगों को ट्राईसायकिल, दो हितग्राहियों को श्रवण यंत्र, श्रम विभाग द्वारा तीन हितग्राहियों को श्रम कार्ड प्रदान किया गया, साथ ही महिला एवं बाल विकास द्वारा गर्भवती माताओं की गोद-भराई एवं शिशुवती बच्चों का अन्नप्रासन्न किया गया। इस दौरान अतिथियों ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए स्टॉलों का निरीक्षण किया। शिविर में क्षेत्र के दो अग्निवीर युवाओं को शॉल, श्रीफल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। शिविर में प्रमुख रूप से विधायक जनक ध्रुव, जिला पंचायत सदस्य लोकेश्वरी नेताम, संजय नेताम, भाजपा नेता योगेश शर्मा, नंदिनी नेताम, जनपद अध्यक्ष मोहना नेताम, जनपद सदस्य कुमारी बाई पटेल, सरपंच हनीता नायक, जिला पंचायत के सीईओं प्रखर चंद्राकर, एसडीएम डॉ. तुलसीराम मरकाम, उपवनमंडलाधिकारी मनोज चन्द्राकर, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव, जनपद सदस्य सुकचंद ध्रुव, प्रताप मरकाम, सरपंच उपासीन बाई नागेश, मालती कोर्राम, पुष्पा नेगी, यशवंत मरकाम, गजेन्द्र नेगी, भानु सिन्हा, रूपेश मसीह, मैनपुर सीईओ डीएस नागवंशी, टिकम सिंह कपिल, जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी समीर सौरभ, राजकुमार धुर्वा, कपिल नायक, चदंन राय, श्याम चन्द्राकर, बीएमओ, डॉ. गजेन्द्र ध्रुव, गणेश सोनी सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं विभागीय अधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



### विधायक भड़के कहा – सरकार के पास गांव के विकास के लिए बजट नहीं

सुशासन सप्ताह शिविर को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए बिन्द्रानवागढ़ विधायक जनक ध्रुव ने शिविर पर ही सवाल उठाते हुए कहा कि इस तरह के शिविर मे ग्रामीण आवेदन देते देते थक चुके हैं समस्याओं का समाधान नहीं होने के कारण आज कुर्सियां खाली नजर आ रही है। विधायक ध्रुव ने कहा की सरकार के पास गांव के विकास के लिए बजट ही नहीं है। लगातार पुल, पुलिया, सड़क, स्कूल, आंगनबाड़ी भवन, नाली, अस्पताल, बिजली के लिए मांग किया जा रहा है लेकिन बजट के अभाव में कोई काम नहीं हो पा रहा है। विधायक श्री ध्रुव ने कहा गरियाबंद जिले के अफसर क्षेत्र के समस्याओं से अच्छी तरह से वाकिफ है और वे समस्याओ का समाधान करना भी चाहते है लेकिन मांग भेजने के बावजूद बजट नहीं मिल रहा है फिर कैसे विकास होगा। श्री ध्रुव ने कहा आज जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों–कर्मचारियों एवं नागरिकों को समस्याओं के समाधान के लिए सामंजस्य बनाना होगा। उन्होंने बताया कि मैनपुर विकासखण्ड आदिवासी बहुल क्षेत्र हैं। यहाँ स्कूल, आंगनबाड़ी, चिकित्सालय, पुल-पुलिया निर्माण सहित अन्य कार्य कराने की आवश्यकता है।

जिला पंचायत सदस्य लोकेश्वरी नेताम ने कहा कि इस क्षेत्र में शिक्षकों कि काफी कमी है। इसके लिए शिक्षकों कि तत्काल व्यवस्था कराएं।

### आंगनबाड़ी भवन नहीं बच्चे बाहर में करते हैं पढ़ाई : सरपंच

शिविर के दौरान आंवेदनो का बारी बारी के साथ समाधान किया जा रहा था इस दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा डूमाघाट मे आंगनबाड़ी भवन निर्माण की बात पर मंच में ही सरपंच यशवंत मरकाम भड़क गये और माईक थामकर बताने लगे की आंगनबाड़ी भवन नहीं है बेहद जर्जर हो गया है बच्चे बाहर में पढाई करते है और स्कूल भवन नहीं होने के कारण ग्राम पंचायत में स्कूल का संचालन करवाया जा रहा है ग्राम पंचायत की बैठक पेड़ के नीचे आयोजित करते है ताकि बच्चों को पढाई में परेशानी न हो स्थानीय अधिकारी गलत जानकारी न दे क्योंकि जिले कलेक्टर मंच में बैठे हैं और हम स्वयं उनसे स्कूल भवन आंगनबाड़ी की मांग करने 80 किमी से आये है।

### क्षेत्र के दो अग्निवीर जवानों का सम्मान

मैनपुर क्षेत्र के ग्राम जाड़ापदर के दो युवकों का चयन अग्निवीर जवान के रूप में हुआ है। मनीष सिंह परिहार एवं प्रमोद कुमार नायक का जिससे क्षेत्र के लोगों में उत्साह देखने को मिल रहा है। मंच में दोनों युवकों का साल श्रीफल के साथ स्वागत किया गया और सम्मान किया गया। इस दौरान दोनों सैनिकों के लिए लोगों ने ताली बजाकर उत्साह वर्धन किया गया।

## ग्राम द्वारतरा में भागवत महापुराण का भव्य समापन शोभा यात्रा में उमड़ा जनसैलाब



**मुड़ागांव(कोरासी)।** ग्राम द्वारतरा में नौ दिवसीय श्री भागवत महापुराण का ज्ञान संपन्न हुआ। इस भागवत पुराण में प्रवचन करता प्रसिद्ध कथावाचक पंडित मिथिलेश कुमार शर्मा डोम के द्वारा सभी को बहुत सुंदर ढंग से कलश यात्रा गौकरण पूजा गणपति पूजा से लेकर भगवान कृष्ण का लीला गीता पाठ परिक्षित मोक्ष ग्राम में हवन पूजन और भव्य शोभा यात्रा आदि कार्यक्रम का आयोजन हुआ। पंडित मिथिलेश कुमार शर्मा जी के द्वारा विस्तार से सभी कथा का श्रोताओं को रसपान कराया गया भागवत महापुराण का आयोजन स्वर्गीय श्रीमती विशन बाई ध्रुव के स्मृति में उनके सुपुत्र सुपुत्री के द्वारा रखा गया आयोजन करता प्रमुख रूप से भागवत ध्रुव, टिकेश्वरी ध्रुव, हेमलाल ध्रुव, चुमेश्वरी ध्रुव, ग्राम द्वारतरा चोवाराम ध्रुव, महेश्वरी ध्रुव ग्राम फूलकर्रा, गैंद राम ध्रुव, बुधियारिन बाई, तुलस राम ध्रुव, उमाबाई, धर्म सिंह ध्रुव, धान बाई ,शैलेंद्र, पदमा बाई, ग्राम मोहराडिही भोजराम ध्रुव, सीताबाई, देवनारायण ध्रुव, चमेली बाई, गजानंद ध्रुव, परमेश्वरी बाई, तुकाराम ध्रुव, पुष्पा बाई, तोरण ध्रुव, ईश्वरी बाई, ग्राम पंडरीपानी स्वर्गीय पुनीत राम, थनवारी बाई, ग्राम कपटफोड़ी श्रीमती मकतूला बाई, बिजली बाई, गिरधर ध्रुव, देवेंद्र, जागेश्वर ध्रुव, ग्राम गाड़ाघाट ईश्वर ध्रुव, उत्तरा बाई, ग्राम खड़मा फत्तू ध्रुव, रूपा बाई, ग्राम कोसमबुड़ा आदि साह परिवारों के द्वारा यह आयोजन रखा गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में ग्राम द्वारतरा के सभी लोग विशेष भाग लिया जिसमें गुरुदेव रामकृष्ण शरण ग्राम गाड़ाघाट, पन्नालाल ध्रुव सरपंच ग्राम पंचायत द्वारतरा, हेमलाल मरकाम ग्रामीण सचिव द्वारतरा, भुवन लाल मरकाम, सुलटूराम यादव, शंकर ध्रुव, लोकचंद ध्रुव, जैन सिंह ध्रुव, धुरवाराम सिन्हा, बोधन निषाद, मन्नू ध्रुव, मोतीलाल ध्रुव, बिहारी ध्रुव, लोकचंद ध्रुव, चंद्रभान ध्रुव, विजय यादव, शंकर सेन, करचाली चंपा बाई ध्रुव आदि सभी ने विशेष रूप से भोजन भंडारा में अपना सहयोग प्रदान किया और उमेन्द सिंह ध्रुव 9 दिनों तक पूजा पाठ का विशेष दायित्व को सफल ढंग से संभाला इन सभी ग्राम वासियों एवं आसपास के सभी श्रोतागणों को आयोजन करता परिवार ने आभार व्यक्त किया।

### मैनपुर में पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष नेहरू निषाद का भव्य स्वागत



**मैनपुर।** छत्तीसगढ़ सरकार के राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष नेहरू निषाद एवं भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल चन्द्राकर शनिवार को मैनपुर पहुंचे। इस दौरान भाजपा मंडल मैनपुर द्वारा आतिशबाजी कर उनका जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान भाजपा संगठन मे चल रहे कार्यो के संबंध मे जानकारी ली गई और राज्य तथा केन्द्र सरकार की योजनाओं को जन जन तक पहुंचाकर सरकार की योजनाओ का लाभ दिलाने की अपील किया इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष संतोष यादव, महामंत्री दिनेश सचदेव, घनश्याम मरकाम, नरोत्तम साहू, योगेश शर्मा, लखन गिरी गोश्वामी, रामदास वैष्णव, बिसेसर सिक्का, आशीष शर्मा, कोमल सोनवानी, हेमंत साहू, तुलसी राठौर, नंदनी नेताम, सरिता सेन, कुमारी बाई पटेल, अजय सोनवानी, मनोज निर्मलकर एवं बड़ी संख्या मे भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## सरस्वती शिशु मंदिर में उत्साह के साथ मनाया गया गणित दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजिम



राष्ट्रीय गणित दिवस का कार्यक्रम शनिवार 20 दिसंबर को महान भारतीय गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जयंती पर मनाई गई। चूंकि 22 दिसंबर को शीतकालीन अवकाश होने के कारण इसे दो दिन पहले किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अजय साहू व्यवस्थापक, प्राचार्य गोविंद चौधरी और विशिष्ट अतिथि प्रधानाचार्य नामदास लहरे रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता, सरस्वती माता और श्रीनिवास रामानुजन जी के छाया चित्र में माल्यार्पण के साथ हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि अजय साहू ने कहा कि यह दिन गणित के क्षेत्र में उनके अनुकरणीय कार्यों को मान्यता देता है और उनका सम्मान करता है। प्रतिभाशाली गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन का जन्म 1887 में तमिलनाडु के इरोड में एक तमिल ब्राह्मण अयंगर परिवार में हुआ था। श्रीनिवास रामानुजन ने बहुत कम उम्र से ही प्रतिभा के लक्षण दिखाना शुरू कर दिया था, और भिन्न, अनंत श्रृंखला, संख्या सिद्धांत, गणितीय विश्लेषण आदि क्षेत्रों में गणित में उनके योगदान ने एक उच्च मानक स्थापित किया। 2012 में चेन्नई में महान गणितज्ञ श्रीनिवास अयंगर रामानुजन की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित एक समारोह में, सम्मानित करने और उनके योगदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए, 22 दिसंबर को राष्ट्रीय गणित दिवस घोषित किया। कहा कि कम उम्र में ही उन्होंने परिवार की आर्थिक सहायता के लिए क्लर्क का काम शुरू किया था। खाली समय में वे विभिन्न प्रकार के प्रमेयों पर काम करते और गणित की समस्याओं को हल करते थे। एक बार एक अंग्रेज की नजर उनके पन्नों पर पड़ी और वे उनकी प्रतिभा से बेहद प्रभावित हुए। उन्होंने श्रीनिवास रामानुजन को ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के प्रोफेसर हार्डी के पास पहुंचाया। उनकी प्रतिभा को पहचानते ही उन्हें अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त हुई।

## बीना और मोनिका का पुलिस बल में चयन



**नवापारा-भेण्डरी।** नवापारा शहर से लगे भेण्डरी में दो प्रतिभाशाली लड़कियों बीना साहू एवं मोनिका साहू का जिला पुलिस बल में आरक्षक के पद पर चयन हुआ है। एक ही ग्राम से दोनों लड़कियों के चयन पर ग्रामवासियों ने खुशी जाहिर करते हुए बुके भेंट कर सम्मान किया। सम्मान करने वालो में सरपंच राजेश्वरी पटेल, जनपद सदस्य विनीता साहू, छबि विनायक, राधे पटेल, चंद्रहास साहू, माणसमणी देवांगन, सेवक साहू, निलेश साहू सहित गणमान्य नागरिक शामिल थे।

## अभनपुर साहू समाज के तुलेश बने अध्यक्ष



**अभनपुर।** रायपुर ग्रामीण जिला अध्यक्ष देवनाथ साहू व कोषाध्यक्ष चंद्रशेखर साहू की उपस्थिती मे तहसील साहू समाज अभनपुर की पदाधिकारियो का चुनाव बेलडीह ( गिरोला) सामाजिक भवन मे संपन्न हुआ जिसमे अभनपुर तहसील के 757 मतदाताओ मे से 703 लोगो द्वारा मतदान किया गया। अध्यक्ष पद के लिए तुलेश साहू एवं ब्रम्हानंद साहू चुनाव मे भाग लिये जिसमे तुलेश साहू 437 मत प्राप्त कर जीत हासिल किया वही उपाध्यक्ष पद के लिए निर्वाचित प्रहलाद साहू,महिला उपाध्यक्ष श्रीमति पुष्पा देवी साहू,संगठन सचिव लोकेश साहू,महिला संगठन सचिव श्रीमति कुंती साहू निर्वाचित हुये है। इस चुनाव मे पूर्व विधायक धनेन्द्र साहू,प्रवीण साहू मतदान करने पहुंचे थे तथा निर्वाचित पदाधिकारियो को बधाई दिया। इस अवसर पर विमल साहू,बालमुकुंद साहू,रूपेश साहू,भेखराम साहू,मोहन साहू,यशवंत साहू,चन्द्रहास साहू,पवन गुरूपंच,फतीश साहू,दानी राम साहू,तुलाराम साहू,प्रतीक साहू,घासुराम साहू,देवनंदनी साहू,गीता साहू,नत्थू साहू,टीकमचंद साहू,ह्दयराम साहू,तुलाराम साहू,रवि साहू,राजू तेली,वीरेन्द्र साहू,प्रकाश साहू,रूपनारायण साहू आदि बड़ी संख्या मे साहू समाज के लोग उपस्थित रहे।

## वार्ड 16 में नई राशन दुकान का शुभारंभ



**नवापारा-राजिम।** शहर के वार्ड क्रमांक 16 सोमवारी बाजार के पास शासकीय उचित मूल्य की राशन दुकान का शुभारंभ विधायक इंद्रकुमार साहू ने पूजा पाठ कर फीता काटकर किया। इस अवसर पर विधायक श्री साहू ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार की योजना को अंतिम पंक्ति के लोगों तक पहुंचाने तथा आसपास के लोगों को राशन के लिए कहीं अन्य और दूर जाना ना पड़े इसे देखते हुए लोगों को सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यह राशन दुकान का शुभारंभ किया जा रहा है। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष नागेंद्र वर्मा,नगर पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू, पार्षद सभापति सचिन सचदेव, सहदेव कंसारी, निर्मला-धीरज साहू, नम्मू ध्रुव, पूजा कंसारी, मयाराम साहू, रतन साहू, सौरभ सिंटू जैन, राकेश साहू, अनुज राजपूत, बल्लू निषाद, राजू साहू सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित थे।

**विधायक देवेंद्र यादव ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं और युवाओं में भरा जोश**

# सत्ता की भूख नहीं, राहुल गांधी को मजबूत करना ही एकमात्र लक्ष्य : यादव

**गरियाबंद।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव एवं भिलाई विधायक देवेंद्र यादव के एक दिवसीय गरियाबंद प्रवास ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं और युवाओं में नया जोश भर दिया। सिविल लाइन स्थित प्रिंस क्लब में आयोजित युवा संवाद कार्यक्रम के दौरान उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि उनका लक्ष्य सत्ता हासिल करना नहीं, बल्कि देश में राहुल गांधी को मजबूत करना और संगठन के जमीनी कार्यकर्ताओं को शक्ति देना है। युवा संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक देवेंद्र यादव ने देश में कांग्रेस को मजबूत करने के लिए हाथ से हाथ मिलाने का आह्वान किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि उनका मुख्यमंत्री बनने का कोई सपना नहीं है। उन्होंने कहा कि उन्होंने संघर्ष का रास्ता चुना है और उन्हें सत्ता की कोई भूख नहीं है। उनका उद्देश्य संगठन को मजबूत करना और कार्यकर्ताओं को पावर देना है। उन्होंने कहा कि जब सब कुछ अच्छा चल रहा हो, तब भी अपने लोगों को नहीं भूलना चाहिए। संघर्ष के दिनों में जो साथी सब कुछ त्यागकर दिन-रात साथ खड़े रहते हैं, मुश्किल समय में उनके साथ खड़ा रहना हम सबकी जिम्मेदारी है। उन्होंने युवाओं से संगठन के प्रति निष्ठा, समर्पण और आपसी विश्वास बनाए रखने का आह्वान किया। युवा कांग्रेस और राष्ट्रीय छात्र संघ के कार्यकर्ताओं से खुलकर संवाद करते हुए देवेंद्र यादव ने कहा कि वे अपने साथियों के प्रेम और विश्वास के बल पर ही इस मुकाम तक पहुंचे हैं। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं से उनका आत्मीय और मित्रवत संबंध आज भी पूरी मजबूती से कायम है।





एक अन्य सवाल के जवाब में उन्होंने अपने राजनीतिक जीवन के सबसे यादगार क्षण का उल्लेख करते हुए बताया कि बिना किसी अपराध के एक सौ चौरानवे दिन जेल में बिताना उनके जीवन का ऐसा अनुभव रहा, जिसे वे कभी नहीं भूल सकते। उन्होंने कहा कि जेल की कालकोठरी में रहते हुए उनके मन में केवल अपने साथी और उनके संघर्ष की तस्वीरें ही रहती थीं, जिन्होंने उन्हें मानसिक रूप से मजबूत बनाए रखा। युवा संवाद कार्यक्रम के माध्यम से भिलाई विधायक ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं और युवाओं में नया जोश, उत्साह और आत्मविश्वास भरने का प्रयास किया तथा संगठन को और अधिक सशक्त बनाने का संदेश दिया।

### कार्यकर्ताओं के घर-घर पहुंचकर पूछा कुशलक्षेम

युवा संवाद कार्यक्रम के बाद विधायक देवेंद्र यादव रात बारह बजे तक युवा कांग्रेस एवं राष्ट्रीय छात्र संघ के कार्यकर्ताओं के घर-घर पहुंचकर उनका कुशलक्षेम पूछते नजर आए। उनके इस आत्मीय और जमीनी व्यवहार की नगर से लेकर जिले भर में चर्चा होती रही। इस अवसर पर युवा कांग्रेस रायपुर प्रदेश के यूथ आइकॉन पूर्व जिलाध्यक्ष रायपुर आसिफ मेमन, कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुखचंद बेसरा, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष गौरव मिश्रा, पूर्व जिलाध्यक्ष युवा कांग्रेस संदीप सरकार, राष्ट्रीय छात्र संघ के जिलाध्यक्ष केशू सिन्हा, राजिम विधानसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष योगेश साहू, पूर्व ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष आबिद ढेबर, ऐश्वर्य यादव, शिवम सिन्हा आकाश दीक्षित सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




